☎ : (0551) 2257138
2257570

# गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक........................

ब्लड बैंक के रक्ताधान एवं परिषदीय समिति की नियमित बैठक आज दिनांक 11/11/19 दिन सोमवार को ब्लड बैंक परिसर में आयोजित था।

विषयः– रक्ताधान एवं ब्लड बैंक के संबंध में सुक्षाव एवं आपसी तालमेल के संबंध में सुक्षाव एवं आपसी तालमेल पर परिचर्चा।

1. ब्रि0 डा0 के0 पी0 बी0 सिंह
2. डा0 कामेश्वर सिहं
3. डा0 घनश्याम सिहं
4. डा0 सि0 एम0 सिन्हा
5. डा0 ओ0 पी0 राय

इस बैठक में उपरोक्त व्यक्ति उपस्थित थे। नियमित कार्यप्रणाली की जानकारी सदस्यों को दी गयी। इस बैठक मे चर्चा का कोई खास विषय नही था, ब्लड बैंक का कार्य सुचारु रुप से संचालित हो रहा है। बैठक में उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और जलपान के साथ बैठक समाप्त हुआ।

डा0 अवधेश अग्रवाल

उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर

☎ : (0551) 2257138
2257570

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर
गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक........................

ब्लड बैंक के रक्ताधान एवं परिषदीय समिति की नियमित बैठक आज दिनांक 14/10/19 दिन सोमवार को ब्लड बैंक परिसर में आयोजित था।

विषयः– रक्ताधान एवं ब्लड बैंक के संबंध में सुक्षाव एवं आपसी तालमेल के संबंध में सुक्षाव एवं आपसी तालमेल पर परिचर्चा।

1. ब्रि0 डा0 के0 पी0 बी0 सिंह
2. डा0 कामेश्वर सिहं
3. डा0 घनश्याम सिहं
4. डा0 सि0 एम0 सिन्हा
5. डा0 ओ0 पी0 राय

इस बैठक में उपरोक्त व्यक्ति उपस्थित थे। कमेटी के सदस्यता के बारे में चर्चा हुयी की उपरोक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त चिकित्सालय में बहिरंग विभाग मे जो भी चिकित्सक उपलब्ध होगा वह इस बैठक के लिए आमंत्रित किया जाऐगा।

नियमित कार्यप्रणाली की जानकारी सदस्यों को दी गयी। ब्लड बैंक का नियमित निरीक्षण औषधि विभाग द्वारा दिनांक 20/09/2019 को किया गया। अधिकारियों ने ब्लड बैंक में सबकुछ यथावत तथा संतोषजनक पाया उनको विस्तृत रिपोर्ट में कोई कमी का उल्लेख नही किया गया, यह ब्लड बैंक के लिए एक विशेष उपलब्धि रही। बैठक में उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और जलपान के साथ बैठक समाप्त हुआ।

डा0 अवधेश अग्रवाल
उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर

नवम्बर 2018

02038

ब्लड बैंक के रक्ताधान एंव परिषदीय समिति की नियुमित बैठक आज दिनाँक 30|11|18 शुक्रवार को ब्लड बैंक परिसर में आयोजित है।

विषय :→ रक्ताधान एंव ब्लड बैंक के संबंध मे सुझाव एंव आपसी तालमेल पर परिचर्चा।

1- वि० डा० के० पी० बी० सिंह
2- डा० कामेश्वर सिंह
3- डा० घनश्याम सिंह
4- डा० सि० एम० सिन्हा
5- डा० ओ० पी० राय
6- डा० आशीष गोयल
7- डा० राजीव श्रीवास्तव
8- डा० दीपक खेतान
9- डा० राजीव शाही
10- डा० साधना पाण्डेय — 30|11|18
11- डा० वीना शाही
12- डा० राजीव कुमार मल्ल
13- डा० आर० के० श्रीवास्तव (बाल रोग)
14- डा० ममता जायसवाल
15- श्रीमती कुमकुम अग्रवाल
16- डा० मधुसूदन सिंह — 30|11|18
17 डा०

बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक जो दिनाङ्क 22|01|2018 को हुई थी उसकी कार्यवाही के बारे मे विस्तार से जानकारी राजीव तिवारी द्वारा दी गयी। विगत 24|10|2018 को NACO के निरिक्षण की एक टीम डा० वीता अग्रवाल एवं श्री माधव श्याम त्रिपाठी जी के नेतृत्व मे हमारे ब्लड बैंक का निरिक्षण करने आयी थी निरिक्षण के दौरान अधिकारियों को हमारे ब्लड बैंक के कार्य प्रणाली

साथ-साथ स्वच्छता कुडा निस्तारण प्रणाली पर हर्ष व्यक्त किया गया, प्रतिचालन में प्रदर्शित तमाम सूचनाए एवं साधेन कार्य का वर्णन तथा लिए जाने वाले शुल्क का विवरण प्रर्दशीत किया गया यह भी प्रसंसा का विषय बना। हमारे यहा के रजिस्टर एवं अन्य रिकॉर्ड समुचीत रूप से रख रखाव के लिए ब्लड बैंक को बधाई दी गयी। हमारे टैक्नीशियन स्टाफ तथा अन्य कर्मचारिओं के योग्यता एवं व्यवहार सर्वोच्च पाये गये। इस टीम ने मिडिया के माध्यम से एक जन संदेश दिया कि यह ब्लड बैंक एक आर्दश ब्लड बैंक के रूप में स्थापित है तथा इसे एक माडल ब्लड बैंक का दर्जा दिया जा सकता है। यह भी संदेश दिया गया कि प्रदेश में कोई भी ब्लड बैंक या तो वह नया हो अथवा लाइसेंन के नवीनीकरण के लिए आवेदन करे उसे निर्देश दिये जायेगे कि वह सर्वप्रथम इस ब्लड बैंक का अवलोकन कर ले तथा उसी प्रकार से ब्लड बैंक को चलाये।

डा० अवधेश अग्रवाल ने स्वताधान संस्था के अंतराष्ट्रीय वार्षिक बैठक जो कोची में सम्पन्न हुयी भाग लेने गये थे उसकी गती विधियों को सदस्यों से अपने अनुभव को साझा किया, सुरक्षित रक्त आपूर्ती के संबंध में अब यह बात लगभग निश्चित हो चुकी है कि नेट द्वारा रक्त की जांच की जानी चाहिए विशेष रूप से हमारे ब्लड बैंक में जो उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण ब्लड बैंक है, ऐसा करने से आकड़ो के अनुसार लगभग पूरे देश में 18000 रोगियों को बचाया जा सकता है जो अन्य जांच विधियों द्वारा जांच के पकड़ से बाहर होते है। यह आकडा है जब देश में एक करोड रक्त यूनिट की आवश्कता के आधार पर निर्धारित की गयी है इसके लिए

विस्तृत ब्योरा एवं प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय के समक्ष रखा जायेगा।

यह भी निश्चित किया गया कि गोरखनाथ चिकित्सालय में किसी अन्य ब्लड बैंक का ब्लड नहीं चढ़ाया जायेगा यह पूर्णतया वर्जित होगा। एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कुछ नार्सिंग होम एव चिकित्सालय में अवैध रुप से हमारे यहा से ब्लड ले जाकर मंहगे दामो पर रोगीयों को बेचा जाता है ऐसे कुछ नार्सिंग होम को चिन्हित कर वहा रक्त आपूर्ति पर रोक लगा दी गयी है।

अतिरिक्त FFP जो कुछ कम्पनियों को विभक्तिकरण करने के लिए दी जाती है जिससे जीवन उपयोगी दवा बनाये जाते है इसकी मुल्य के विषय में भी चर्चा हुयी भारत सरकार के निदेशानुसार अब FFP का सम मुल्य निश्चित किया है जो रुपये 1600 प्रति लिटर होगा अतः ब्लड बैंक को इससे अधिक मुल्य नही लेना होगा।

कुछ भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुयी सर्वप्रथम भारत सरकार के अह्वाहन पर ब्लड बैंक को अधिक से अधिक सख्या में स्व रक्तदाताओं द्वारा उपलब्ध रक्त से ही रोगियों को रक्त आपूर्ती करने की सलाह दी जा रही है हमारे ब्लड बैंक को भी स्वरक्तदाताओं का प्रतिशत बढ़ाना होगा इसके लिए नियमीत रुप से रक्त दान शिविरों का आयोजन की अवश्कता है इसी क्रय में एक चलित रक्तदान शिविर वाहन एवं टीम का गठन किया जायेगा जो नियमित नगर एवं आसपास के क्षेत्रो में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी इसके लिए अध्यक्ष महोदय के पास एक प्रस्ताव भेजा जायेगा।

अतः बैठक अल्पाहार के साथ समाप्त हो गई।